## सांसद ने सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब का लिया आशीर्वाद

**छिंदवाड़ा।** नगर में 23 एवं 24 जून को आयोजित विशाल हरे माधव सत्संग में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। परमदेव जीवनमुक्त सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब जी की पावन एवं दिव्य उपस्थिति में हजारों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। दूर-दूर से पहुंचे भक्तों ने अपने आराध्य प्रभु सतगुरु के श्रीदर्शन कर स्वयं को धन्य अनुभव किया। इस अवसर पर पोला ग्राउंड छिन्दवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब का आशीर्वाद लेते हुए जिलेवासियों के लिए सुख, समृद्धि, वैभव एवं कल्याण की कामना की है। इस दौरान सांसद श्री साहू ने कार्यक्रम स्थल में बैठकर प्रवचन का लाभ भी लिया।

उल्लेखनीय है कि सत्संग के दौरान प्रभु सतगुरु जी की अमृतमयी दिव्य वाणी का श्रवण कर उपस्थित संगतों ने आत्मिक शांति, आध्यात्मिक प्रेरणा एवं परम आनंद का अनुभव किया। सतगुरु वचनों की दिव्य गंगा में डूबकर भक्तजन सांसारिक चिंताओं से ऊपर उठते हुए भक्ति और प्रेम के भाव में सराबोर दिखाई दिए।

### जामसांवली आये भक्तों की कार पुलिया से नीचे गिरी

## नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर तीन सड़क हादसे, 5 घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग और चमत्कारिक हनुमान मंदिर, जामसावली के आसपास का क्षेत्र गुरुवार को दुर्घटनाओं का केंद्र बन गया। एक ही दिन में हुई तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं ने क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। इन हादसों में एक महिला समेत कुल पांच लोग घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। मौके पर 'यू फॉर एच फाउंडेशन' की एम्बुलेंस देवदूत बनकर पहुंची और घायलों को समय रहते अस्पताल पहुँचाया।

### पहली घटना

नागपुर मार्ग पर ग्राम जाम के पास जोबंनधाना निवासी आकाश तुमडॉम अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। आकाश इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सौसर से नागपुर रेफर किया गया है। ग्रामीणों ने पुलिस एवं एंबुलेंस को सूचना थी जिसके बाद में अस्पताल से मुंह पर गंभीर चोटे होने के चलते नागपुर रेफर किया गया है।

### दूसरी घटना

छिंदवाड़ा मार्ग पर स्थित ओम साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के सामने मोटरसाइकिल दुर्घटना हुई, जिसमें दो युवक घायल हो गए। दोनों युवक रामाकोना निवासी बताए जा रहे हैं जिनका का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौसर में उपचार किया जा रहा है।

### तीसरी घटना

तीसरा हादसा श्री चमत्कारी हनुमान मंदिर जामसावली से दर्शन कर लौट रहे वरुड़ निवासी उइके परिवार के साथ हुआ है। दिनेश उइके अपनी पत्नी रूबीना उइके और बच्चों के साथ अल्टो कार एम एच 26 वी 1528 से नागपुर मार्ग बजाज जोड़ की ओर लौट रहे थे। तभी बजाज जोड़ के पास सामने से तेज गति से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे जा गिरी। इस हादसे में 35 वर्षीय रूबीना उइके के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं, जबकि बच्चों को भी मामूली चोटें आई हैं। सभी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की टीम के द्वारा उपचार किया है।



### यू फॉर एच फाउंडेशन' बना घायलों के लिए देवदूत

इन तीनों दुर्घटनाओं में 'यू फॉर एच फाउंडेशन' की टीम ने तत्परता दिखाते हुए एम्बुलेंस के माध्यम से सभी घायलों को तत्काल सौसर अस्पताल पहुँचाया, जिससे समय रहते उनका उपचार शुरू हो सका। लगातार हो रहे इन हादसों ने सड़कों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है, लेकिन सड़कों की स्थिति और सुरक्षा मानकों में कोई सुधार नहीं हो रहा है। फिलहाल, सौसर पुलिस तीनों मामलों को दर्ज कर मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### देशी एवं अंग्रेजी शराब के 56 पाव जब्त

## पुलिस की कार्रवाई, अवैध शराब बिक्री करते दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

थाना जुन्नारदेव पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए ग्राम हनोतिया में दबिश देकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में देशी एवं अंग्रेजी शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना जुन्नारदेव में पदस्थ प्रधान आरक्षक दिलीप उपाध्याय को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम हनोतिया निवासी करण पहाड़े अपने घर के पीछे स्थित गाय के कोठे के पास अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए रखे हुए है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गवाहों की मौजूदगी में बताए गए स्थान पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस को मौके से बड़ी मात्रा में शराब बरामद हुई। जब्त सामग्री में दो कार्टून में रखी 100 पाव देशी प्लेन शराब एवं दो कार्टून में रखी 56 पाव ऑफिसर चॉइस अंग्रेजी शराब शामिल है। पुलिस ने शराब जब्त कर उसकी कीमत का आंकलन किया है। मामले में पुलिस ने पूजा पहाड़े (24 वर्ष) एवं करण पहाड़े, निवासी ग्राम हनोतिया, थाना जुन्नारदेव के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(ए) एवं 42 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## तामिया में रेत माफिया बेखौफ: कलेक्टर के आदेश भी बेअसर, निगरानी चौकियों के बावजूद जारी अवैध उत्खनन

### वन और राजस्व अमले पर मिलीभगत के आरोप, शिकायतों के बाद भी नहीं हुई प्रभावी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया तहसील के देलाखारी, कुर्सीढाना, बागई, दौरियाखेड़ा, फांसीढाना और भाड़ी क्षेत्र की राजस्व एवं वन भूमि स्थित नदियों से वर्षों से कथित रूप से अवैध रेत उत्खनन का कारोबार जारी है। स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा समय-समय पर संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों पर मिलीभगत तथा लेनदेन के आरोप लगाए जाते रहे हैं, लेकिन इन शिकायतों के बावजूद अवैध उत्खनन पर प्रभावी अंकुश नहीं लग सका है।

जानकारी के अनुसार वन विभाग के कुछ कर्मचारियों पर लेनदेन के आरोपों की लिखित शिकायत वन संरक्षक तक पहुंची थी, लेकिन विभागीय स्तर पर आरोपों को निराधार बताते हुए मामले को समाप्त कर दिया गया। इससे क्षेत्र में यह धारणा बनी कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच नहीं हुई।





### वायरल वीडियो के बाद भी नहीं बदली स्थिति

क्षेत्र में उस समय भी विवाद खड़ा हुआ था जब 19 मई की रात कथित रूप से नगद राशि और ऑनलाइन भुगतान लेकर सात ट्रक-ट्रैक्टर छोड़े जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामले ने खूब सुर्खियां बटोरीं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकताएं पूरी होने के आरोप लगे।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि उस समय सख्त कार्रवाई की जाती तो अवैध उत्खनन पर अंकुश लग सकता था, लेकिन ऐसा नहीं होने से रेत तस्करों के हौसले और बढ़ गए।

### टोल नाका पर नहीं दिखे कर्मचारी, आदेश कागजों तक सीमित

स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी निगरानी के लिए लगाई गई थी, वे अधिकांश समय निर्धारित स्थल पर दिखाई ही नहीं दिए। कुछ दिनों तक कार्रवाई की आशंका के कारण अवैध उत्खनन में कमी आई, लेकिन बाद में स्थिति फिर पहले जैसी हो गई।ग्रामीणों का कहना है कि निगरानी व्यवस्था केवल कागजों में सीमित रह गई और इसका लाभ रेत तस्करों को मिला।

### कलेक्टर के निर्देश पर बनी थी संयुक्त निगरानी व्यवस्था

अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर कार्यालय की खनिज शाखा द्वारा जारी पत्र के परिपालन में टास्क फोर्स की बैठक में विशेष निगरानी व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए थे।निर्देशानुसार झिरपा रोड स्थित कुआंबादला टोल नाका तिराहे पर खनिज, राजस्व, पुलिस, वन और परिवहन विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। कर्मचारियों को दिन और रात दोनों पालियों में रेत से भरे वाहनों की निगरानी कर अवैध परिवहन रोकने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

### मुंगरिया-बागई क्षेत्र से फिर शुरू हुई रेत की आवाजाही

पिछले कुछ दिनों से मुंगरिया और बागई क्षेत्र से रेत से भरे वाहनों की आवाजाही लगातार देखी जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह रेत तामिया क्षेत्र में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों तक पहुंचाई जा रही है।बताया जाता है कि तामिया के सांदीपनी स्कूल परिसर में चल रहे निर्माण कार्य सहित अन्य निर्माण स्थलों पर भी बड़ी मात्रा में रेत की आपूर्ति की जा रही है।

### सांदीपनी स्कूल का गेट तोड़ने के बाद भी नहीं हुई शिकायत

सूत्रों के अनुसार दो दिन पहले रेत से भरे एक ट्रक ने सांदीपनी स्कूल परिसर का मुख्य गेट क्षतिग्रस्त कर दिया था। इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन द्वारा न तो पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई और न ही किसी विभाग को इसकी सूचना दी गई।इसको लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर नुकसान होने के बाद भी संबंधित पक्षों द्वारा शिकायत दर्ज क्यों नहीं कराई गई।

### निर्माण स्थलों पर अवैध भंडारण के आरोप

क्षेत्र के छात्रावास और गर्ल्स हॉस्टल निर्माण स्थलों पर बड़ी मात्रा में रेत का भंडारण होने की बात सामने आ रही है। आरोप है कि यहां सैकड़ों घनमीटर रेत जमा की गई है, लेकिन उसके वैध स्रोत और परिवहन से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं।यदि इन आरोपों की पुष्टि होती है तो यह खनिज नियमों के उल्लंघन का मामला बन सकता है।

### एसडीएम के आदेशों की भी अनदेखी?

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) जुन्नारदेव द्वारा अवैध उत्खनन रोकने के लिए जारी निर्देशों तथा तहसील प्रशासन एवं वन विभाग को सौंपी गई जिम्मेदारियों के बावजूद क्षेत्र में रेत चोरी की घटनाएं सामने आना प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि संयुक्त अमला नियमित रूप से निगरानी करे और शिकायतों की निष्पक्ष जांच हो तो अवैध उत्खनन पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

## जिले में अभी तक 66.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 66.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 79.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 25 जून 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 02.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 25 जून 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 0.8, मोहखेड़ में 0.3, अमरवाड़ा में 5.2, परासिया में 0.1, जुन्नारदेव में 9.2 और उमरेठ में 9.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 23.4, मोहखेड़ में 11.4, तामिया में 86, अमरवाड़ा में 99.4, चौरई में 28.6, हर्रई में 48.1, बिछुआ में 22.3, परासिया में 31.3, जुन्नारदेव में 35, चांद में 159.4 और उमरेठ में 21 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## कैफ़े-कैंटीनों की आड़ में नशे का कारोबार?

### पुलिस का आधी रात को धावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

शहर में कुकुरमुत्ते की तरह खुले तथाकथित हाई-फाई कॉफी और टी कैंटीन क्या अब युवाओं को बर्बादी के रास्ते पर धकेलने वाले अड्डे बन चुके है ? पिछले कुछ महीनों से शहर में अचानक आई इन कैंटीनों की बाढ़ और वहाँ होने वाली संदिग्ध गतिविधियों ने पुलिस प्रशासन के भी कान खड़े कर दिए हैं। कल आधी रात को पांढुर्णा थाना प्रभारी अमित दानी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल ने शहर के इन ठिकानों पर अचानक धावा बोल दिया।

### बुजुर्गों से तौबा, जवानों पर डोरे क्या है इन कैंटीनों का सच ?

ये कोई आम चाय-कॉफी की दुकानें नहीं हैं, जहाँ परिवार के लोग बैठ सकें। यहाँ बुजुर्गों का आना-जाना लगभग शून्य है। इन जगहों को खास तौर पर झेन-झी यानी आज की युवा पीढ़ी और सीधे-साधे छात्र-छात्राओं को आकर्षित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। खुफिया इनपुट थे कि इन कैंटीनों की आड़ नशीली सामग्रियां बेची और सप्लाई की जा रही हैं।



### इस बार तो बच गए, लेकिन खैर नहीं

इस अचानक हुई छापेमारी में पुलिस के हाथ फिलहाल कोई नशीली सामग्री नहीं लगी, लेकिन पुलिसिया हंटर चलने से कैंटीन माफियाओं में खौफ और सिहरन साफ़ देखी जा सकती है। थाना प्रभारी अमित दानी ने साफ़ शब्दों में चेतावनी दी है कि शहर की शांति और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले किसी भी रसूखदार को बख्शा नहीं जाएगा।

### थाना प्रभारी की जनता से खुली अपील

"अगर आपको शहर में कहीं भी, किसी भी कैफे, पान दुकान या कैंटीन में नशीले पदार्थों की बिक्री या संदिग्ध गतिविधियों की भनक लगती है, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गुप्त रखा जाएगा। अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुँचाना हमारी प्राथमिकता है।"

### कोने-कोने की तलाशी, ग्राहकों से तीखे सवाल

सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस के जवानों ने कैंटीन के भीतर रखे टेबल-कुर्सियों के नीचे, संदिग्ध कोनों, सीक्रेट केबिन और सीधे किचन तक को खंगाल डाला। वहाँ मौजूद युवक-युवतियों से भी पुलिस ने तीखे सवाल-जवाब किए, जिससे कैफे के भीतर हड़कंप मच गया।

## शहर में नए फ्लाईओवर निर्माण का प्रस्ताव करें तैयार:सांसद

### सांसद की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में हुई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में सांसद बंटी विवेक साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सांसद ने जिले के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं आधारभूत संरचना से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत से समीक्षा की। सांसद बंटी विवेक साहू के निर्देश पर अब छिंदवाड़ा शहर में कन्हरगांव डेम के डेड स्टोरेज के पानी से पेयजल नियमित की सप्लाई की जाएंगी। सांसद बंटी विवेक साहू ने जहा नगर निगम में मकानों के नक्शे पास नहीं होने पर भी नाराजगी जाहिर करते हुये भोपाल से आये हुये आदेश का हवाला देकर नक्शे पास करने के निर्देश आयुक्त नगर निगम को दिए है वही भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए छिंदवाड़ा शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए चंदनगांव से मानसरोवर, मानसरोवर से चारफाटक, मानसरोवर से मेडिकल कॉलेज और सत्कार चौक से परासिया नाका तक नए फ्लाईओवर निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने ने निर्देश अधिकारियों को दिए है। सांसद ने बैठक के दौरान कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों से कहा कि स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों के अटैचमेंट तत्काल समाप्त किए जाए। सांसद श्री साहू ने बैठक में जनहित से जुड़े विषयों को प्राथमिकता देते हुए विभागीय अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सांसद श्री साहू के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा भी कई महत्वपूर्ण स्थानीय विषय भी उठाए गए। इनमें नगरपालिका परिषद चौरई की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान निकालने, बिछुआ एवं अमरवाड़ा में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु प्रस्ताव तैयार करने, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की बंद एवं जलभराव वाली खदानों के पानी का उपयोग पेयजल, सिंचाई तथा मत्स्य पालन जैसे रोजगारपरक कार्यों में करने के सुझाव शामिल रहे।

## बसपा का विरोध प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन




**सौंसर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) जिला पांढुर्ना द्वारा क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न समस्याओं और जनहित के मुद्दों को लेकर रैली निकालकर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन करते हुए पांढुरना एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया।इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बसपा के भोपाल जोन प्रभारी ज्ञानेश्वर गजभिये ने किया। बसपा नेताओं ने जिले में प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाते राष्ट्रपति के नाम सोपे ज्ञापन में किसानों को उचित मूल्य पर खाद की सुगमता से उपलब्धता सुनिश्चित हो। पेट्रोल पंपों पर ट्रैक्टर लेकर जाने की अनिवार्यता खत्म कर डीजल केन या ड्रम में देने,निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूली और स्कूलों द्वारा स्वयं की दुकानों से महंगी दर पर ड्रेस, किताबें व स्टेशनरी खरीदने के लिए मजबूर करने पर रोक लगाने, रसोई गैस की किल्लत और उसकी कालाबाजारी बद करने,कृषि केंद्रों द्वारा बेचे जा रहे नकली बीज, कीटनाशक और खाद पर रोक लगे। साथ ही, खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने,जिले में सक्रिय सूद, सट्टा, शराब और खनिज माफियाओं के अवैध कारोबार बद करने, आदि मांगों का समावेश था। इस दौरान मानिक वानखेड़े, जिला अध्यक्ष अशोक गजभिये, राजकुमार वानखेडे, उमाजी सलामे, दिनेश शेडे,बिरामन कवाडेती सुजाता बंजारी आरिफ शेख दिलीप गजभिए गोपाल वाहने नागराज बहाने राहुल वाहने भीमराव ढोके सुरेश सहारे संजय ढुफारे आदि थे।

## पीड़ित को मिली 3 लाख की आर्थिक सहायता राशि

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयास के बाद सौंसर के एक गंभीर रूप से बीमार मरीज का नागपुर में ईलाज हो सकेगा। सांसद के प्रयास से गंभीर बीमारी से जूझ रहे पीड़ित व्यक्ति को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 3 लाख की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों सौंसर निवासी भास्कर राव मस्के के परिजनों ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए गंभीर बीमारी की जानकारी दी और अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला दिया एवं गंभीर बीमारी के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाने की मांग की थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने तत्काल ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र प्रेषित कर गंभीर बीमारी से जूझ रहे पीड़ित व्यक्ति के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निवेदन किया था।

### नपाध्यक्ष रमेश सालोडे की पहल पर वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी

## नवीन शौचालय निर्माण कार्य शुरू, जनता की सुविधा के लिए लगाया चलित शौचालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के मध्य स्थित पुराने एवं जर्जर हो चुके सार्वजनिक शौचालय के स्थान पर नवीन शौचालय निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। लंबे समय से नागरिकों, व्यापारियों एवं राहगीरों द्वारा नए शौचालय की मांग की जा रही थी, जिसे नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव ने प्राथमिकता देते हुए अमल में लाया है। निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों में संतोष का माहौल है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रमेश सालोडे ने बताया कि नगर की बढ़ती आवश्यकताओं और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिषद की बैठक में विधिवत प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके बाद नवीन शौचालय निर्माण कार्य को प्राथमिकता सूची में शामिल कर निर्माण एजेंसी को तत्काल कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।



### इनका कहना है

जनता की सुविधा हमारी प्राथमिकता है। नए शौचालय का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। निर्माण अवधि में लोगों को परेशानी न हो, इसलिए चलित शौचालय की व्यवस्था की गई है। नगर पालिका जनहित के कार्यों के लिए लगातार प्रयासरत है।

संजय जैन सभापति, स्वच्छता विभाग
नगर पालिका परिषद, जुन्नारदेव

### जनता की सुविधा प्रभावित न हो, इसलिए लगाई गई चलित शौचालय व्यवस्था

नगर पालिका ने निर्माण अवधि के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष व्यवस्था की है। नगर के चलित शौचालय को संबंधित स्थल पर स्थापित किया गया है, जिससे बाजार क्षेत्र में आने वाले नागरिकों, व्यापारियों एवं राहगीरों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध हो सके। नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार निर्माण कार्य के दौरान भी जनसुविधा प्रभावित न हो, इसके लिए लगातार निगरानी की जा रही है तथा सफाई और रखरखाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

### आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा नया शौचालय

नगर पालिका द्वारा निर्मित किया जा रहा नवीन शौचालय आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। इससे बाजार क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। नगर पालिका ने निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं ताकि आमजन को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।

### नगर विकास और जनसुविधा के लिए निरंतर प्रयास

नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव ने कहा है कि परिषद जनता के हितों और मूलभूत सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही है। स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा जनसुविधाओं के विस्तार के लिए विभिन्न योजनाओं पर लगातार कार्य किया जा रहा है। नगर पालिका ने नगरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि विकास कार्यों के दौरान धैर्य बनाए रखें तथा नगर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने में अपना योगदान दें। परिषद का लक्ष्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराकर जुन्नारदेव को एक आदर्श नगर के रूप में विकसित करना है।

# जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती का जुन्नारदेव में हुआ जोरदार स्वागत

## शुक्ल परिवार के निमंत्रण पर आशीर्वाद देने विद्या निकुंज पहुंचे शंकराचार्य महाराज, सैकड़ों लोगों ने किया जगतगुरु शंकराचार्य जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



सतपुड़ा की सुरम्य वादियों में बसे जुन्नारदेव शहर में बीते तीन दिनों से द्वारका एवं शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंदजी महाराज का प्रवास का अद्भुत स्वर्णिम अवसर था।

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद जी महाराज यहा बीते तीन दिन से एक समाज के द्वारा अपने आराध्य के मंदिर के जीर्णोद्धार उपरांत प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर यहां आए हुए थे। इसी अवसर पर नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी अखिलेश शुक्ला एवं उनके परिवार के आत्मीय निवेदन पर वह उनके निजी निवास स्थान विद्या निकुंज पर पहुंचे।

द्वारका एवं शारदा पीठाधीश्वर स्वामी श्री सदानंद जी महाराज यहां लगभग 2 घंटे से अधिक रहे। 2 घंटे तक विश्राम करने के उपरांत वह अपने अगले गंतव्य स्थान बगडोना (सारणी) के लिए वहीं से रवाना हो गये। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने उनके दर्शन कर पूजन अर्चन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इससे पहले शुक्ला परिवार के लगभग प्रत्येक सदस्य यहां उपस्थित रहा और उन्होंने जगतगुरु शंकराचार्य जी महाराज जी की शानदार अगवानी की थी। इस दौरान समाजसेवी अखिलेश शुक्ला के इस निजी निवास विद्या निकुंज में बड़ी संख्या में व्यापारीजन, राजनेता, पत्रकार तथा विभिन्न समाज के प्रतिनिधि सहित शुक्ला परिवार के निकटतम रिश्तेदार, संबंधी एवं सहयोगी भी पहुंचे थे।

### राजनीतिक प्रतिष्ठा और धुरी का केंद्र है शुक्ला परिवार

इस आदिवासी अंचल की विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव में शुक्ला परिवार का अपना एक अलग महत्व एवं छवि है। विधानसभा की कांग्रेस और भाजपा की जिला राजनीति की पटकथा भी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इसी परिवार के द्वारा लिखी जाती रही है। इसी परिवार से आने वाले स्वर्गीय श्री कैलाश नारायण शुक्ला के द्वारा दो दफा लगातार नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में पद ग्रहण किया गया था, जबकि वर्तमान में उनके पुत्र अखिलेश शुक्ला वर्तमान में भाजपा की जिला कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में काम कर रहे हैं। इस क्षेत्र में शुक्ला परिवार का दबदबा राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में बना हुआ है।

### जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद महाराज का स्नेहपात्र है शुक्ला परिवार

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद जी महाराज का विशेष आर्शीवाद नगर के शुक्ला परिवार से बना हुआ है। दरअसल जगतगुरु शंकराचार्य जब कभी भी जुन्नारदेव या भोपाल प्रवास पर होते हैं तब वह शुक्ल परिवार के भोपाल या जुन्नारदेव स्थित निज निवास पर निश्चित रूप से पहुंचकर अपना आशीर्वाद संपूर्ण परिवार को प्रदान करते हैं। बीते दिनों भी जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद महाराज जी के भोपाल आगमन पर यह उनके भोपाल स्थित निवास पर आशीर्वाद देने पहुंचे थे।

### बड़ी संख्या में उमडे भक्तजन, श्री ब्रह्म सभा व महिलाओं सहित सैकड़ो लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थित

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के आगमन की खबर को सुनकर ही शुक्ला परिवार के निज निवास विद्या निकुंज के सामने तो उत्सव का माहौल छा गया। सैकड़ो से अधिक संख्या में यहां लोग पहुंचकर सम्मानित विभूति जगतगुरु शंकराचार्य जी के दर्शन लाभ के लिए तक टकटकी लगाकर इंतजार करते देखे गए थे। इस दौरान श्री ब्रह्म सभा के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और शहर के गणमान्य नागरिको की भी बड़ी उपस्थिति रही।

**यह थे उपस्थित:** जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के इस कार्यक्रम के दौरान शुक्ला निवास पर भाजपा नेता आशीष ठाकुर पन्द्राम, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती सोनिया कुमरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती सपना महेश पाल, अमरदीप राय, दर्शन मिगलानी, संजय जैन, पंडित सतीश मिश्रा, नितिन राजोरिया, पंडित एड राजेंद्र शर्मा , सीपी शर्मा, मोंटी गोदवाणी, नवीन मीरानी, आशीष अग्रवाल, सूरज चौधरी, उपेंद्र शर्मा, रमेश राय, त्रिलोक बड़ोनिया, ऋतिक चौरसिया, दिलीप चौहान, हर्षद मीरानी व्यापार महासंघ के मोनू चावला, अमित साहू के साथ बड़ी संख्या में राजनेता, जनप्रतिनिधिगण, व्यापारीगण, पत्रकारगण तथा ब्रह्म समाज के समस्त सदस्य एवं महिलाएं उपस्थित थी।

# आशाराम बापू के प्रकरण पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

**छिंदवाड़ा.** सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू के नेतृत्व में बहुत से धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने 4 जून 2026 को जिला कलेक्टर के माध्यम से माननीय सुप्रीम कोर्ट के नाम ज्ञापन दिया था । बाद में 19 जून 2026 को स्वयं न्यायालय में उपस्थित होकर विधि अनुरूप याचिका प्रस्तुत की। जिसका विषय है संविधान के खिलाफ आदेश करने वाले पर कठोर कार्यवाही की जाए । जिस पर माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली ने संज्ञान लिया है । जिसका प्रकरण क्रमांक 60025 /**SCI** /**PIL** /2026 है । जिसकी विधिवत सूचना याचिका कर्ता को मोबाइल सन्देश के माध्यम से दी गई । प्रार्थना पत्र में बताया कि 27 मई 2026 को सनातन संस्कृति के रक्षक परम पूज्य संत श्री आशाराम जी बापू के खिलाफ जोधपुर उच्च न्यायालय का जो फैसला आया हैरान करने वाला है । जिसमें केवल एक संत को टारगेट किया गया ।इसके बावजूद कि उनके निर्दोषता के ठोस प्रमाण मौजूद हैं। यह 100 करोड़ हिंदुओ के मुंह पर तमाचा है ।सोशल मीडिया का दौर है किसी से कोई बात छुपती नही है । आशाराम जी बापू पर आरोप था कि उन्होंने उनके गुरुकुल की छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न किया । पॉक्सो एक्ट में प्रकरण दर्ज हुआ और गैंग रेप की धाराए लगाई 4 अन्य लोगों को सह आरोपी बनाया गया । जोधपुर पुलिस के अनुसार गुरुकुल के संचालक शरद पोटाला और छात्रावास वार्डन शिल्पी गुप्ता ने उक्त छात्रा को शिवा और प्रकाश के माध्यम से बापूजी के पास भेजा । वहां उस छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न हुआ । 5 वर्ष सेशन कोर्ट जोधपुर में केस चला वहाँ कोर्ट ने माना कि शिवा और प्रकाश जोधपुर में थे ही नही । उन्हें बाइज्जत बरी किया गया । बापू जी ,शरद पोटाला और शिल्पी गुप्ता को दोषी मानते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई । लगभग 7 वर्ष बाद जोधपुर उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए सह आरोपी शरद पोटाला और शिल्पी गुप्ता को बाइज्जत बरी कर दिया । पूज्य बापूजी को दोषी ठहराते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई ।

# वाहन संचालकों की बैठक का आयोजन



**परासिया :-** संत चावरा नेशनल अकादमी में गुरुवार को वाहन संचालकों की बैठक संपन्न हुई ।बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग तथा परिवहन विभाग द्वारा जारी निर्देशों तथा गाइडलाइनों पर चर्चा हुई ।विद्यालय के प्राचार्य फादर जैसन द्वारा उक्त निर्देशों तथा गाइडलाइनों को विस्तार से समझाते हुए इनका पालन करने का निर्देश समस्त वाहन संचालकों को दिया गया । निर्देशों को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ड्रायवरों से संकल्प पत्र भरवाए गए ।

# एसडीएम ने लिया ताजिया विसर्जन स्थल का जायजा, दी हिदायत



**पांढुर्णा।** मोहर्रम पर्व को देखते हुए एसडीएम अलका एक्का ने क्षेत्र के विभिन्न ताजिया विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम महोदया ने विसर्जन स्थल पर सुरक्षा, स्वच्छता, एवचं अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित विभागों को समयपूर्व ताजिया विसर्जन की सभी व्यवस्थाओं को पूरा किए जाने की हिदायत दी ताकि, आयोजन शांति से संपन्न हो सके। विसर्जन स्थल पर आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देकर जरूरी तैयारियों पर विशेष जोर दिया गया।

# बानाबाकोडा में विकास कार्यों को मिली गति, 5.90 लाख की लागत से बनेगी सड़क और नाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

ग्राम पंचायत बानाबाकोडा में ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी करते हुए मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। हाल ही में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड के मुख्य आतिथ्य में 5.90 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआकार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास और बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि गांव में लंबे समय से जलभराव और कीचड़ की समस्या बनी हुई थी, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। सीसी रोड और नाली निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान भी हो सकेगा।प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस विकास कार्य में 148 मीटर लंबी सड़क का निर्माण 4.71 लाख की लागत से किया जाएगा। 60 मीटर लंबी नाली का निर्माण 1.19 लाख की लागत से होगा।

# किसान, विद्यार्थी एवं जनसमस्या को लेकर बसपा ने दिया ज्ञापन

**पांढुर्णा।** बहुजन समाज पार्टी ने किसानों, विद्यार्थियों एवं जनता की समस्याओं को लेकर कल एक दिवसीय धरना उपरांत आज राष्ट्रपति महोदय के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में किसानों को उचित दाम पर आसानी से उर्वरक नहीं मिलने, किसानों को कैन या ड्रम में डिजल दिए जाने, पट्टाधारी किसानों के पट्टे पटवारी हल्के में संलग्न कर उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ दिए जाने, रसोई गैस सरलता से उपलब्ध कराने, प्राइवेट शालाओं द्वारा वसूली जा रही मनमानी फीस वसूली पर रोक लगाने, कृषि केंद्रों पर बिक रहे नकली बीज एवं रासायनिक खाद पर रोक लगाने, जिले में सूदखोरों, सट्टा, शराब एवं खनिज माफिया पर अंकुश लगाने तथा अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछडी जाति पर हो रहे अन्याय एवं शोषण पर रोक लगाने की मांग की है।




# रानी दुर्गावती का मनाया बलिदान दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

चांदामेटा में बुधवार को रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया गया । इस दिन उनके शौर्य को उनके याद किया गया । बलिदान दिवस के अवसर पर आदिवासी विकास परिषद ने नीची लाईन से रानी दुर्गावती की याद में जुलूस निकाला । बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष इस अवसर पर उपस्थित हुए । समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया ।पंडा योगेंद्र तेकाम ने पूजन कराया । समाज के अन्य पदाधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस जुलूस में तलवार लिए महिलाएं और रानी दुर्गावती वेश में घोड़े पर बैठी युवती आकर्षण का केंद्र थी । ढोल बाजों के के साथ नाचते गाते झूमते लोग आयोजन स्थल से जुलूस के साथ निकले । कार्यक्रम में साजवा दरवार से मानसिंह इवनाती , बादल भोई के पोते झीनानंद परतेती , जिला अध्यक्ष महेश सराठी , राजेंद्र मरकाम , माया धुर्वे , दिलिप भलावी , ब्रज कुमारी सरेयाम , सुखराम उईके , सुभाष नर्रे , राहुल सराठी , रूपेश इरपाची , विजय बरकड़े युवराज परतेती , सुनीता धुर्वे , अरविंद उईके , नीलेश मर्सकोले, सीमा वाडिवा मौजूद रहे।

# कोंडलपथ मंदिर के पास दो बाइकों की भिड़ंत, पांच घायल, जिला अस्पताल रेफर



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगरगांव के समीप स्थित कोंडलपथ मंदिर के पास मंगलवार शाम एक सड़क हादसे में पांच लोग घायल हो गए। दो बाइकों के बीच हुई टक्कर में घायल हुए सभी लोगों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल वारासिवनी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार लिंगमारा निवासी देवनसिंह मड़ावी अपने परिवार के साथ आधार कार्ड संबंधी कार्य एवं बाजार करने वारासिवनी आए हुए थे। शाम को बाजार से वापस अपने गांव लौटते समय कोंडलपथ मंदिर के पास पीछे से आ रही एक अन्य बाइक अनियंत्रित हो गई और उनकी बाइक से जा टकराई। दूसरी बाइक ग्राम लिंगमारा निवासी भरतलाल बघेले चला रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों में सवार लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों की सहायता की और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस के ईएमटी गजेन्द्र पंजरे एवं पायलट इस्माईल खान मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को सिविल अस्पताल वारासिवनी पहुंचाया।हादसे में देवनसिंह मड़ावी के हाथ एवं पैर की अंगुली में चोट आई है। वहीं आर्यन मड़ावी के हाथ और पैर, वर्षा मड़ावी के हाथ व कंधे तथा शशिकला के हाथ एवं पैर में चोटें आई हैं। दूसरी ओर भरतलाल बघेले के सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। चिकित्सकों के अनुसार वर्षा मड़ावी के दाएं हाथ में फ्रैक्चर भी पाया गया है।सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। स्थानीय लोगों ने सड़क पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने और तेज गति से बचने की अपील की है, ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# आरोह-2026 खेल शिविर का भव्य समापन, लांजी के खिलाड़ियों में दिखा नया जोश

### 150 खिलाड़ियों ने लिया प्रशिक्षण, 55 नए खिलाड़ियों को खेल किट वितरण, अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास का मिला संदेश



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित आरोह-2026 ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का विकासखंड लांजी में उत्साह और ऊर्जा से भरपूर माहौल में समापन हुआ। जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा के नेतृत्व तथा विकासखंड समन्वयक प्रज्ञात वासनिक के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर ने क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेलों में निखरने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया। समापन समारोह में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं अतिथियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

विकासखंड लांजी के शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स अकादमी के तत्वावधान में शासकीय उत्कृष्ट खेल मैदान एवं वीरांगना रानी अवंती बाई मिनी स्टेडियम में यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान वॉलीबॉल, कबड्डी और एथलेटिक्स जैसे प्रमुख खेलों में खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। करीब 150 खिलाड़ियों ने नियमित रूप से शिविर में भाग लेकर खेलों की तकनीकी बारीकियों को समझा और अपनी क्षमताओं को निखारा। विशेष बात यह रही कि लगभग 55 नए खिलाड़ियों ने भी पहली बार प्रशिक्षण प्राप्त किया। नए खिलाड़ियों ने खेलों के नियम, तकनीक और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को समझते हुए उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। शिविर ने युवाओं में खेलों के प्रति नई जागरूकता और रुचि पैदा की।

ग्रीष्मकालीन शिविर के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासित दिनचर्या का पालन करते हुए प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 9 बजे तक तथा शाम 5 बजे से 8 बजे तक नियमित प्रशिक्षण प्राप्त किया। लगातार अभ्यास के माध्यम से खिलाड़ियों को शारीरिक फिटनेस, मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास विकसित करने का अवसर मिला। प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों को खेल कौशल के साथ-साथ टीम भावना, धैर्य और सकारात्मक सोच का भी महत्व समझाया। खिलाड़ियों ने महसूस किया कि नियमित खेल गतिविधियां न केवल शरीर को स्वस्थ बनाती हैं, बल्कि मानसिक संतुलन और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करती हैं।

# मोहर्रम पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

आगामी मोहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार 25 जून को दोपहर 12 बजे कटंगी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विवेक कुमार शर्मा ने की। इस दौरान थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुशराम भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में मुस्लिम समुदाय के सदर नवाब खान, शाहिद समेत समुदाय के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। एसडीओपी विवेक कुमार शर्मा ने मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों से मोहर्रम पर्व पर होने वाले आयोजनों की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी ली। समाज के लोगों ने एसडीओपी को बताया कि कटंगी क्षेत्र में हर साल मोहर्रम का पर्व पूरी शांति और शालीनता के साथ मनाया जाता है। इस बार भी आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाया जाएगा। मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों ने बताया कि गुरुवार 25 जून को दोपहर 2 बजे से स्थानीय बस स्टैंड पर शरबत वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। वहीं शाम को लंगर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी धर्मों के लोग शामिल हो सकेंगे। बैठक में स्पष्ट किया गया कि शुक्रवार के दिन मोहर्रम को लेकर कोई भी सार्वजनिक आयोजन, जुलूस या कार्यक्रम नहीं किया जाएगा। एसडीओपी विवेक कुमार शर्मा ने कहा कि मोहर्रम आपसी भाईचारे का पर्व है। कटंगी में हमेशा से सभी त्योहार शांति से मनाए जाते हैं। इस परंपरा को कायम रखें।

बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी अपने सुझाव रखे और प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया।

### बस स्टैंड में हुआ शरबत और लंगर का वितरण-

इस्लामिक कैलेंडर के पहले महीने मोहर्रम के मुबारक मौके पर कटंगी शहर के बस स्टैंड में गुरुवार को यंग मुस्लिम कमेटी द्वारा शरबत और लंगर वितरण का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे से शरबत वितरण शुरू हुआ और शाम 6 बजे से लंगर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राहगीरों, बस यात्रियों और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लेकर लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। मोहर्रम इस्लामिक नववर्ष का पहला महीना है। यह महीना त्याग, बलिदान और सच्चाई के लिए कुर्बानी का प्रतीक माना जाता है। इसी महीने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों ने यजीद की फौज के हाथों शहादत दी थी। इमाम हुसैन ने जुल्म के आगे सिर झुकाने से इनकार कर दिया और अपने परिवार व साथियों के साथ भूखे-प्यासे रहकर कुर्बानी दे दी। उनकी इसी शहादत की याद में दुनिया भर में मोहर्रम मनाया जाता है। इस पूरे आयोजन में यंग मुस्लिम कमेटी के युवाओं की भूमिका सबसे अहम रही। 20 से 25 युवाओं की टीम ने सुबह से ही बस स्टैंड पर टेंट लगाकर व्यवस्था संभाली और देर रात तक व्यवस्था में जुटे रहे। कमेटी ने बताया कि शुक्रवार को मोहर्रम के दिन कोई बड़ा आयोजन नहीं होगा, लोग घरों में ही इबादत करेंगे।

# प्लांट प्रतिनिधि व सुपरवाइजर गिरफ्तार, 27 जून तक रिमांड, मिलर्स अब भी फरार

## पूछताछ में खुलेगा 16500 क्विंटल चावल की हेराफेरी का राज

### अब तक तीन लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी, घोटाले की जड़ तक पहुंचेगी जांच या फिर होगा लीपापोती?

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

सरकारी चावल के करोड़ों के खेल में अब परतें तेजी से खुलने लगी हैं। 17 दिन बाद एसआईटी की कार्रवाई ने घोटाले के अहम किरदारों को दबोच लिया है, लेकिन मास्टरमाइंड अब भी पकड़ से बाहर है। सवाल बड़ा है—क्या रसूख और सियासी कनेक्शन कानून पर भारी पड़ रहे हैं? पुलिस ने एथेनॉल प्लांट के प्रतिनिधि और सुपरवाइजर को गिरफ्तार कर लिया है। अभी तक इस मामले में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।एथेनॉल प्लांट के नाम पर हुए सरकारी चावल घोटाले में एसआईटी को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने प्लांट प्रतिनिधि राहुल पिता गंगाराम प्रताप (24) और सुपरवाइजर व सहयोगी राकेश पिता विपीन श्रीवास्तव (43) को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को मंगलवार को न्यायालय में पेश कर 27 जून तक रिमांड पर लिया गया है। हालांकि, इस पूरे मामले का मुख्य आरोपी और संचेती राइस मिल का संचालक सौरभ संचेती अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। अब तक इस प्रकरण में तीन गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इससे पहले ट्रक चालक दुर्गेश शेंडे को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।विदित हो कि इस मामले में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 316(3) और 3(5) के तहत वारासिवनी थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर के बाद नागरिक आपूर्ति निगम ने संचेती राइस मिल को धान आवंटन और कस्टम मिलिंग पर तत्काल रोक लगा दी थी। मिल को आवंटित 68 लॉट में से 12 लॉट का चावल अब तक जमा नहीं किया गया है।

# लांजी वन विभाग ने जंगल की पाठशाला में प्रकृति से कराया साक्षात्कार

### पेंच टाइगर रिजर्व में दो दिवसीय वन्यप्राणी जागरूकता शिविर, लांजी किरनापुर के 55 छात्र-शिक्षकों ने सीखा संरक्षण का महत्व



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जंगल, वन्यजीव और प्रकृति संरक्षण को किताबों से निकालकर जमीनी अनुभव से जोडने की अनूठी पहल दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट द्वारा देखने को मिली। टीओटीआर योजना के अंतर्गत पश्चिम लांजी, पूर्व लांजी और किरनापुर परिक्षेत्र के 55 छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और वन अमले के दल ने 23 एवं 24 जून को पेंच टाईगर रिर्जव में आयोजित दो दिवसीय वन्यप्राणी जागरूकता शिविर में भाग लिया। इस शिविर ने बच्चों को जंगल के वास्तविक स्वरूप, वन्यजीवों के व्यवहार और संरक्षण की आवश्यकता को बेहद करीब से समझने का अवसर दिया।

शिविर में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल घोटी, उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल लांजी और उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी रुकल किरनापुर के विद्यार्थी शामिल हुए। बच्चों ने पेंच टाईगर रिर्जव के तुरिया गेट से जंगल सफारी की शुरुआत की। सफारी के दौरान विद्यार्थियों ने बाघ, तेंदुआ, सांभर, बायसन, चीतल और सोन कुत्ते जैसे दुर्लभ वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक आवास में देखा। बच्चों के लिए यह अनुभव किसी रोमांचक साहसिक यात्रा से कम नहीं था। पेंच के टूरिस्ट गाइडों ने वन्यजीवों की आदतों, रहन-सहन और उनके संरक्षण के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी।

खवासा स्थित कॉमन फैसिलिटी सेंटर के मीटिंग हॉल में आयोजित विशेष सत्र में खवासा बफर परिक्षेत्र अधिकारी सुमित रेगे ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बच्चों को वन्यजीव संरक्षण की बारीकियां समझाईं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति वन्यजीवों और उनके प्राकृतिक आवासों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। साथ ही मानव-वन्यजीव द्वंद्व को कम करने के उपायों और वन विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी गई। विद्यार्थियों ने इस सत्र में कई सवाल पूछे और व्यवहारिक जानकारियां हासिल कीं।

शिविर के दौरान बच्चों ने अलिकट्टा घास मैदान, इंटरप्रिटेशन सेंटर तुरिया और विश्व की सबसे बड़ी टाइगर स्टैर्च का भी अवलोकन किया। पेंच वर्कर सोसाइटी द्वारा संचालित सोवेनियर शॉप भी आकर्षण का केंद्र रही। प्रत्येक बच्चे को वन्यप्राणी प्रिंट वाली टी-शर्ट वितरित की गई। कार्यक्रम का आयोजन गौरव चौधरी, भा.व.से., वन संरक्षक बालाघाट के निर्देशन में किया गया। मार्गदर्शन नित्यानंदम एल., भा.व.से., वनमंडलाधिकारी दक्षिण बालाघाट सामान्य वनमंडल तथा राकेश अडकने, उपवनमंडल अधिकारी लांजी का रहा। कार्यक्रम संचालन सपन ताम्रकार, परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम लांजी और जगत खरे, परिक्षेत्र अधिकारी किरनापुर के नेतृत्व में हुआ। शिक्षकों में अनीता तारन (प्राचार्य), मनीषा निंहावे (शिक्षिका किरनापुर), जनु मेघे (शिक्षिका घोटी) और शीतल तुरकर (शिक्षिका लांजी) की सक्रिय भूमिका रही। वन अमले में इलियास खान (वनरक्षक पर्व लांजी), रत्ना भलावी (वनरक्षक पश्चिम लांजी) और सुरेश निंहावे (वनपाल) शामिल रहे।

खबर संक्षेप

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत कामाख्या तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत कामाख्या तीर्थ यात्रा के लिए सिवनी जिले को कुल 196 यात्रियों का कोटा आवंटित किया गया है। यह यात्रा 11 जुलाई 2026 से 16 जुलाई 2026 तक आयोजित की जाएगी।

जिला प्रशासन द्वारा जिले के पात्र वरिष्ठ नागरिकों एवं इच्छुक श्रद्धालुओं से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक अपने आवेदन जनपद पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय, नगरपालिका अथवा नगर परिषद कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27 जून 2026 निर्धारित की गई है।

आवेदन के साथ आयु संबंधी प्रमाण पत्र, फोटो पहचान पत्र (आधार कार्ड, वोटर आईडी अथवा अन्य वैध फोटोयुक्त पहचान पत्र) तथा समग्र आईडी की प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

जिला प्रशासन ने पात्र नागरिकों से निर्धारित समयावधि के भीतर आवेदन प्रस्तुत करने का आग्रह किया है, ताकि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र श्रद्धालु कामाख्या तीर्थ यात्रा का लाभ प्राप्त कर सकें। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए आवेदक अपने निकटतम जनपद पंचायत, तहसील, नगरपालिका अथवा नगर परिषद कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## जिला आयुष अधिकारी डॉ.माथुर को भावभीनी विदाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. यशवंत माथुर के छिंदवाड़ा स्थानांतरण के अवसर पर आयुष विभाग सिवनी के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यों, मार्गदर्शन एवं विभागीय विकास में दिए गए अमूल्य योगदान के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कहा कि डॉ. माथुर के कुशल नेतृत्व, सकारात्मक सोच एवं सहयोगात्मक कार्यशैली ने आयुष विभाग को नई दिशा और गति प्रदान की है।

## जल गंगा अभियान अंतर्गत वृहद कार्यक्रम सम्पन्न

**सिवनी।** जल गंगा अभियान के अंतर्गत विकासखंड छपारा के ग्राम देवगांव स्थित शासकीय तालाब मरझोर रोड पर वृहद जनभागीदारी के साथ जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेशभर में संचालित जल संरक्षण गतिविधियों की श्रृंखला में ग्राम देवगांव में ग्रामीणों की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम के तहत शासकीय तालाब देवगांव में ग्रामीणों द्वारा लगभग 400 घनमीटर गाद निकासी एवं उसका परिवहन किया गया। कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि एवं शासकीय सेवक उपस्थित रहे। इस अवसर पर पंचायत भवन से कार्यक्रम स्थल तालाब तक जल कलश यात्रा निकाली गई। तालाब परिसर में विधिवत पूजन-अर्चन कर जलाभिषेक किया गया।

# बाल एवं बंधक श्रम उन्मूलन के लिए समन्वित कार्रवाई के निर्देश

**कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय बाल श्रम टास्कफोर्स समिति तथा जिला स्तरीय बंधक श्रम सतर्कता समिति की बैठक का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह की अध्यक्षता में किया गया।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक के प्रबंधक, पुलिस विभाग के अधिकारी, बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के अध्यक्ष एवं सदस्य, विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) के अधिकारी तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में श्रम निरीक्षक द्वारा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 तथा बंधक श्रम पद्धति (उन्मूलन) अधिनियम, 1976 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई। अध्यक्षता कर रहे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने जिले को बाल श्रम एवं बंधक श्रम से मुक्त बनाने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिले से अन्य जिलों एवं राज्यों में रोजगार के लिए जाने वाले श्रमिकों की जानकारी व्यवस्थित रूप से संधारित करने तथा उनकी सुरक्षा एवं सकुशल वापसी सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी निगरानी तंत्र विकसित करने पर जोर दिया गया। साथ ही भिक्षावृत्ति जैसी सामाजिक कुरीतियों से जिले को मुक्त कराने के लिए विभागों के समन्वित प्रयासों के साथ कार्ययोजना तैयार कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती शाह ने कहा कि बाल श्रम अथवा बंधक श्रम के प्रकरण पाए जाने पर नियोजकों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए तथा प्रभावित व्यक्तियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोडने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। बैठक में बाल संरक्षण, श्रमिक सुरक्षा एवं सामाजिक पुनर्वास के विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए विभागीय समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया गया।

# खेत तक रास्ता न होने से परेशान आदिवासी किसानों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

**छपारा।** सिवनी जिले के छपारा विकासखंड स्थित ग्राम गुधना के किसानों ने जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन सौंपकर गांव से खेत तक सडक़ निर्माण की मांग की है। 95त्न आदिवासी आबादी वाले इस गांव के लघु एवं सीमांत किसान खेत तक पहुंचने के लिए रास्ता न होने से बेहद परेशान हैं।

### क्या है मामला

ग्राम गुधना तहसील छपारा, ग्राम पंचायत प्रतापगढ़ का गांव है। यह तीन तरफ से पहाड़ी और एक तरफ से प्रतापगढ़ जलाशय से घिरा है। गांव के किसानों के खेत तक जाने का कोई भी रास्ता नहीं है। प्रार्थी मोहम्मद साबिर खान ने आवेदन में बताया कि वन विभाग ने कुछ साल पहले अपने मुनारे करीब 20 मीटर आगे बढ़ा दिए। इससे पहले बना कच्चा रास्ता अब वन विभाग की सीमा में आ गया है। इस वजह से ग्राम पंचायत सडक़ नहीं बना पा रही है। कुछ मुनारे तो किसानों के खेतों के अंदर ही गाड़ दिए गए हैं।

किसानों की मजबूरी

रास्ता न होने से किसानों को एक-दूसरे के खेत से होकर आवाजाही करनी पड़ती है। बुवाई के समय खाद-बीज ले जाने में भारी दिक्कत होती है। कई बार इसको लेकर किसानों में विवाद की स्थिति भी बन जाती है। खेती का काम बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

### प्रशासन से मांग

किसानों ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि जनहित में उचित स्थान चिन्हित कर खेतों तक जाने के लिए सडक़ निर्माण कराया जाए। साथ ही वन विभाग से जमीन अधिग्रहित कर सडक़ बनाने के लिए सक्षम अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की है। आवेदन पर जनसुनवाई क्रमांक 6692 अंकित है और इसे जनपद सीईओ को अग्रेषित किया गया है। प्रार्थी मोहम्मद साबिर खान ने जल्द कार्रवाई की उम्मीद जताई है।

# साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता सप्ताह के तहत विशेष अभियान का शुभारंभ



**केवलारी।** बैंक खातो एटीएम ओर अन्य माध्यमों से आन लाइन ठगी के बढ़ते मामलो को अंकुश लगे इसी सोच पर पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशानुसार पर समुचे जिले मे 24 जून से एक माह तक साइबर क्राइम को जन जागरुकता से रोके जाने के परिपेक्ष्य मे आज पुलिस केवलारी के द्वारा अशीष भराडे एसडीओपी, पीतमसिंह तिलगांम थाना प्रभारी, श्रीमति विक्की धुर्वे उपनिरीक्षक के नैतृत्व मे पुलिस टीम ने बाजार चौक, सार्वजनिक स्थानों एवं प्रमुख चौराहों पर पहुंचकर लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, यूपीआई फ्रॉड, फेक ऐप, क्रिप्टो फ्रॉड और ओटीपी साझा न करने जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। साथ ही साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करने एवं cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की।

# 28 जून से होगी पल्स पोलियो अभियान शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

## जिले के 1.44 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो रोधी खुराक

जिले में 28 से 30 जून तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री अंजली शाह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सुश्री शाह ने निर्देश दिए कि शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग का कोई भी बच्चा पोलियो रोधी वैक्सीन से वंचित न रहे तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाएं।

बैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आर.के. धुर्वे ने बताया कि जिले में कुल 1 लाख 44 हजार 34 बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिलेभर में 1,529 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां 3,405 कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि अभियान के प्रथम दिवस 28 जून को सभी बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके बाद 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर पहुंचकर उन बच्चों को खुराक देंगी, जो किसी कारणवश बूथों तक नहीं पहुंच पाए होंगे।

अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए 240 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। वहीं, बस स्टैंड, ईंट-भट्टों, प्रवासी श्रमिक क्षेत्रों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 40 ट्रांजिट टीमों तथा 7 मोबाइल टीमों का गठन किया गया है। अभियान की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉक स्तर पर भी विशेष निरीक्षण दल बनाए गए हैं।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पंकज दुबे, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेश डेहरिया, जिला श्रम अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, उप संचालक सामाजिक न्याय संदीप परते, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, जिला योजना अधिकारी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष तथा जिला डाटा मैनेजर नरेंद्र सारस सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती जी के 462 वें बलिदान दिवस पर श्रृद्धांजलि एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

**सोनखार (उगली)।** दिनांक 24 जून 2026 को गोंड समाज महासभा सेक्टर कमेटी उगली द्वारा सिवनी जिले के विकास खंड केवलारी अंतर्गत सोनखार तिगड्डा (उगली) में स्थापित वीरांगना रानी दुर्गावती जी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं वृक्षारोपण सहित बड़ादेव पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ।



उक्त कार्यक्रम में गोंड समाज महासभा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बी एस परतेती, गोंडी भूमका प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद परते, उगली सर्किल कमेटी अध्यक्ष संग्राम सिंह भलावी, उगली सेक्टर अध्यक्ष सहत लाल सरुते, सचिव शेर सिंह मरावी, सरेखाकलां सेक्टर कमेटी अध्यक्ष चेतन सिंह परते, सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक तोप सिंह देशमुख, प्रदीप तिवारी, घनश्याम ठाकरे, साकेतराज टेम्भ्रे जनपद सदस्य,देवेश कुल्हाड़े , महेंद्र परिहार, प्रहलाद परिहार,मेघराज रहांगडाले, (सिंदरसी), बसंत देशमुख घाटखरपडिय़ा, गाजेश देशमुख नेवरगांव, पुलिस प्रशासन से मुख्य आरक्षक शेरसिंह बघेल,राम चरन नर्वेती, हरिप्रसाद भलावी, ढब्बू लाल उइके, चौधरी सिंह उइके, तोप सिंह मड़ावी, अशोक परते, भरत मड़ावी, शिव परते, दिनेश नरेती,दलपत मरावी, संतोष भलावी, दुर्गेश खंडाते पूर्व सरपंच बावली , हिरदेशाह इनवाती, फागूलाल खंडाते, बेनी कुंजाम, अकल सिंह वरकड़े, बद्री परते, अमोल उइके, रघुवीर सिंह परते आदि क्षेत्रीय जन व ग्राम, सेक्टर, सर्किल कमेटी के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम सिंदरसी में स्थापित बड़ादेव ठाना में गोंगो पूजन व पेनठाना परिसर में वृक्षारोपण कर किया गया तत्पश्चात ग्राम की खैरो दाई, भीमाल पेन पूजन के साथ वीरांगना रानी दुर्गावती प्रतिमा स्थल पर गोंगो पूजन कर उपस्थित जनों ने माल्यार्पण व पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ वृक्षारोपण भी किया। संबोधन की श्रृंखला में प्रदेश अध्यक्ष बी एस परतेती, महेंद्र सिंह परिहार, समाज सेवी तोप सिंह देशमुख, साकेतराज टेम्भ्रे (जनपद सदस्य) ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया और गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती जी के बलिदान पराक्रम साहस और वीरगाथा पर प्रकाश डाला। और उपस्थित जनसमुदाय का आभार व कार्यक्रम समापन की घोषणा उगली सर्किल कमेटी अध्यक्ष संग्राम शाह भलावी ने किया।

# कोचिंग संस्थानों में फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं की जांच की गई

**कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी के मार्गदर्शन में राजस्व एवं नगरपालिका के संयुक्त दल द्वारा सिवनी स्थित भिड़े कोचिंग क्लास एवं यूक्लिड कोचिंग क्लास में फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।**



निरीक्षण के दौरान अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता, आपातकालीन निकास मार्ग, विद्युत सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों की जांच की गई। अधिकारियों द्वारा संचालकों को सभी सुरक्षा व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने तथा फायर सेफ्टी नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण वितरण शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की अटल वयो अभ्युदय योजना अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत जिले के चयनित वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। वर्ष 2025 में आयोजित मूल्यांकन एवं परीक्षण शिविरों में जिले के 916 वरिष्ठजनों का चयन किया गया था, जिन्हें अब विभिन्न शिविरों के माध्यम से सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 25 जून को लखनादौन तथा 26 जून को बरघाट जनपद पंचायत में शिविर प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना द्वारा शिविरों के सफल संचालन को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारी सौपी है। उन्होंने सभी चयनित वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर अपनी चयन पर्ची के साथ उपस्थित होकर योजना का लाभ प्राप्त करें।

# 8 एकड़ शासकीय चरनोई/घास भूमि पर वर्षों से अवैध कब्जा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** यह सब मिलकर सरकार सत्ता शासन का ऐसे पदों में बने रहकर दुरुपयोग कर रहे है जिससे क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की छवि धूमिल हो रही हैं या फिर बीजेपी शासन प्रशासन से ही इन्हें संरक्षण प्राप्त है ऐसे बहुत सारे सवाल खड़े करता है मोहगांव सडक़ (कुरई), जिला सिवनी। ग्राम मोहगांव सडक़, तहसील कुरई, जिला सिवनी स्थित खसरा क्रमांक 62, 63 एवं 64 की लगभग 8 एकड़ शासकीय घास भूमि/चरनोई भूमि पर पिछले 10 से 12 वर्षों से कथित रूप से अवैध कब्जा बना हुआ है। राजस्व अभिलेखों में दर्ज यह भूमि ग्राम समुदाय एवं शासकीय प्रयोजनों के लिए सुरक्षित है, इसके बावजूद प्रभावशाली लोगों द्वारा इस पर स्थायी निर्माण कर निजी उपयोग किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत के अनुसार खसरा क्रमांक 62 (1.29 हेक्टेयर), 63 (0.97 हेक्टेयर) एवं 64 (0.95 हेक्टेयर) कुल 3.21 हेक्टेयर भूमि नेशनल हाईवे-44 से लगी हुई अत्यंत मूल्यवान शासकीय भूमि है। आरोप है कि अमनदीप सिंह भाटिया, अमरदीप उर्फ मिक्की भाटिया, सरदार सिंह भाटिया एवं अमन अरोरा सहित अन्य लोगों द्वारा उक्त भूमि



पर वर्षों से कब्जा कर होटल, ढाबे, दुकानें एवं अन्य पक्के निर्माण खड़े कर लिए गए हैं। शिकायतकर्ताओं का यह भी आरोप है कि शासकीय भूमि के हिस्सों को किराए पर देकर आर्थिक लाभ कमाया जा रहा है तथा भूमि के पीछे के हिस्सों में खेती भी की जा रही है। साथ ही भूमि पर अवैध रूप से शराब बिक्री एवं अन्य गतिविधियों के संचालन संबंधी आरोप भी लगाए गए हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। सबसे गंभीर प्रश्न यह है कि यदि भूमि राजस्व अभिलेखों में स्पष्ट रूप से शासकीय चरनोई भूमि के रूप में दर्ज है, तो फिर इतने वर्षों तक अतिक्रमण कैसे बना रहा? ग्रामवासियों का कहना है कि समय-समय पर राजस्व अधिकारियों को शिकायतें दी गईं, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली एवं शासकीय भूमि संरक्षण व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। मामले को लेकर मुख्यमंत्री, अपर मुख्य सचिव राजस्व, संभागायुक्त जबलपुर, कलेक्टर सिवनी, एसडीएम कुरई, तहसीलदार कुरई तथा सीएम हेल्पलाइन में विस्तृत शिकायत प्रस्तुत की गई है। शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि अवैध अतिक्रमण तत्काल हटाया जाए तथा वर्षों से शासकीय भूमि पर कब्जा बने रहने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जाए।ग्रामवासियों का कहना है कि यदि शासकीय चरनोई भूमि पर इस प्रकार निजी कब्जे वैध माने जाने लगें तो भविष्य में सरकारी भूमि संरक्षण की अवधारणा ही समाप्त हो जाएगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावशाली व्यक्तियों के दबाव से मुक्त होकर निष्पक्ष, समयबद्ध और कठोर कार्रवाई की जाए तथा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर ग्राम समुदाय के हित में सुरक्षित किया जाए।शासकीय भूमि किसी व्यक्ति विशेष की संपत्ति नहीं है। यदि वर्षों से सरकारी भूमि पर कब्जा कर व्यवसाय संचालित किया जा रहा है तो यह केवल अतिक्रमण का मामला नहीं, बल्कि कानून के शासन और प्रशासनिक जवाबदेही की भी परीक्षा है।

**नगर परिषद छपारा की बड़ी लापरवाही:**

# एक महीने से नहीं हुई फिल्टर प्लांट के टैंक की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

नगर परिषद छपारा द्वारा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर एक बेहद गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। नगर में इन दिनों नलों से मिलने वाले गंदे और बदबूदार पानी से परेशान होकर वार्ड नंबर 10 (विवेकानन्द वार्ड) के निवासियों ने इसकी शिकायत अपने पार्षद रामेश्वर बंजारा से की। जनता की इस गंभीर समस्या को देखते हुए मंगलवार, 23 जून को पार्षद ने नगर के पीएचई कार्यालय परिसर स्थित फिल्टर प्लांट का औचक मुआयना किया।

जब पार्षद रामेश्वर बंजारा फिल्टर प्लांट पहुंचे, तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गए। प्लांट के टैंक की नियमित साफ-सफाई न होने के कारण उसमें भारी मात्रा में काई जमी हुई थी और पूरा टैंक बदबू से सराबोर था। जब उन्होंने सफाई का लेखा-जोखा रखने वाले सरकारी रजिस्टर की जांच की, तो पता चला कि टैंक की आखिरी सफाई 16 मई को दर्ज की गई थी। यानी एक महीने से भी अधिक समय से इतने बड़े पेयजल स्त्रोत की सुध तक नहीं ली गई। इतनी बड़ी लापरवाही पर पार्षद ने तीखे सवाल उठाए।

शिकायतों के बाद भी नहीं सुधरे हालात

पार्षद रामेश्वर बंजारा ने बताया कि उनके द्वारा पहले भी अनेक बार नगर परिषद कार्यालय में संबंधित अधिकारियों को दूषित पेयजल आपूर्ति के संबंध में शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ। यही वजह थी कि उन्हें वास्तविकता जानने के लिए खुद ग्राउंड जीरो पर पहुंचना पड़ा।

ज्ञात हो कि वर्तमान में नगर परिषद छपारा में सीएमओ गीता बाल्मिक कार्यरत हैं, जिन्हें इस प्रभार में आगामी जुलाई में एक वर्ष पूरा होने जा रहा है। उनकी मूल पदस्थापना लखनादौन में है, और स्थानांतरण न होने के कारण वे प्रतिदिन लखनादौन से ही आना-जाना कर रही हैं।

दिलचस्प बात यह है कि कुछ समय पहले स्वयं सीएमओ गीता बाल्मिक ने लखनादौन में अपने निवास के नलों में आ रहे दूषित पानी की शिकायत वहां के कर्मचारियों से की थी, और सुनवाई न होने पर उन्होंने खुद सीएम हेल्पलाइन 181 पर शिकायत दर्ज कराई थी। अब सवाल यह उठ रहा है कि जो अधिकारी खुद दूषित पानी की समस्या से पीड़ित होकर हेल्पलाइन का सहारा ले रही हैं, उनके अपने प्रभार वाली निकाय (छपारा) में जनता को वैसा ही गंदा और बदबूदार पानी क्यों परोसा जा रहा है?

जनता की मांग: बारिश के मौसम में न हो खिलवाड़

वर्तमान में बारिश का मौसम चल रहा है, जिसमें जलजनित बीमारियों का खतरा सबसे अधिक होता है। ऐसी स्थिति में छपारा नगर वासियों ने नगर परिषद से पुरजोर मांग की है कि पेयजल जैसी अत्यंत महत्वपूर्ण व्यवस्था को लेकर बिल्कुल भी लापरवाही न बरती जाए और फिल्टर प्लांट की तत्काल पूरी सफाई कराकर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

# 30 जून तक पूर्ण कराएं पीएम किसान योजना की ई-केवायसी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की सहायता राशि तीन समान किश्तों में प्रदान की जाती है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों का ई-केवायसी, आधार लिंकिंग, बैंक खाते का डीबीटी सक्षम होना तथा फार्मर आईडी का अद्यतन होना आवश्यक है।

पीएम-किसान योजना के सभी हितग्राहियों को प्रत्येक वर्ष बायोमेट्रिक माध्यम से ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। वर्तमान वर्ष के लिए ई-केवायसी पूर्ण करने की अंतिम तिथि 30 जून 2026 निर्धारित की गई है।

ई-केवायसी की प्रक्रिया कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण द्वारा, पीएम-किसान मोबाइल एप पर फेस रिकग्निशन सुविधा के माध्यम से अथवा ग्राम स्तरीय नोडल अधिकारी (वीएनओ) द्वारा संपादित की जा सकती है।

जिले में शत-प्रतिशत ई-केवायसी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर किसानों को ई-केवायसी की सुविधा एवं पीएम-किसान एप के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रशासन द्वारा तहसील स्तर पर सीएससी संचालकों की बैठक आयोजित कर लक्ष्य निर्धारित किए जा रहे हैं। वहीं पटवारियों को ग्राम स्तरीय नोडल अधिकारी बनाकर प्रतिदिन के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं तथा उनके कार्यों की नियमित समीक्षा भी की जाएगी।कृषि, पंचायत एवं अन्य विभागों के मैदानी अमले को भी पीएम-किसान एप के माध्यम से किसानों की ई-केवायसी करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त आधार एवं बैंक खाते की लिंकिंग, एनपीसीआई मैपिंग, लंबित स्व-पंजीयन के निराकरण तथा निलंबित हितग्राहियों के सत्यापन की कार्यवाही भी तेज गति से की जा रही है। कृषि विभाग ने जिले के सभी पात्र किसानों से अपील की है कि वे 30 जून 2026 से पूर्व अपनी ई-केवायसी अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें, ताकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किश्तों का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## पोस्ट ऑफिस में नदारत मिलते हैं पोस्ट मास्टर, उपभोक्ता परेशान

# लालबर्रा के ग्राम बोरी में नहीं मिल रही अच्छी डाक सुविधाएं






हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

बीते कई दिनों से लालबर्रा के ग्राम बोरी में भारतीय डाक सेवाएं से उपभोक्ता खासे परेशान नजर आ रहे हैं। ना तो समय पर पोस्ट मास्टर पोस्ट ऑफिस आते हैं और ना ही डाकिया जिससे ग्रामीणों और उपभोक्ताओं मे आक्रोश देखा जा रहा है बताया जा रहा है की पोस्ट ऑफिस के अधिकारी और कर्मचारी 5 या 10 मिनट के लिए पोस्ट ऑफिस आते हैं और चले जाते हैं जिससे उपभोक्ताओं के कार्य प्रभावित हो रहे है। वही उपभोक्ता सचिन का वरे ने बताया कि मैं यहां आर डी जमा करने के लिए आया था पर मुझे यहां पोस्ट ऑफिस में कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं मिला क्या करता घर चले गया फिर वापस देखने आया तो आप लोग यहां पर मौजूद मिले इसके पूर्व में भी एक बार आर डी जमा करने के लिए आया था उस समय भी कोई अधिकारी और कर्मचारी नहीं मिला मेरे द्वारा पोस्ट मास्टर को फोन भी लगाया गया लेकिन उनके द्वारा मेरा फोन रिसीव नहीं किया गया इसी वजह से मुझे आज लालबर्रा पोस्ट ऑफिस जाना पड़ रहा है ऐसे ही हाल डाक सेवाओं का रहा तो ग्राम बोरी की पोस्ट ऑफिस को बंद कर देना चाहिए उक्त समस्या से डाक विभाग के उच्च अधिकारी को अवगत करा दिया गया है उपभोक्ताओं की मांग है कि ऐसे लापरवाह कर्मचारी पर कार्रवाई होनी चाहिए जो जनता को सुविधा देने में नाकाम साबित हो रहे हैं। हमारी मांग है कि डाक सेवाएं नियमित मिलती रहे।

### पोस्ट ऑफिस का बोर्ड भी नहीं लगाया गया पंचायत के अंदर बोर्ड

दुख की बात है यह है कि डाक विभाग के कर्मचारी इतने लापरवाह हो गए कि उन्होंने अपने पोस्ट ऑफिस का बोर्ड भी नहीं लगाया पाया गया कि बोर्ड पंचायत के अंदर उल्टा रखा हुआ था जो बहुत ही दुर्भाग्य का विषय है।

अगर कोई अनजान उपभोक्ता पोस्ट ऑफिस आएगा तो उसे कैसे पता चलेगा कि यही पोस्ट ऑफिस है निर्धारित समय पर ऑफिस में तो कोई कर्मचारी मिलता नहीं है आपको बता देगी उक्त पोस्ट ऑफिस से चार ग्राम की जनता उपभोक्ता है. और डाक सुविधाओं का न मिलना बहुत ही दुर्भाग्य की बात है।

## हनुमान चौक पर नपा का अधूरा निर्माण कार्य, लोगों के लिए बड़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट शहर के सबसे व्यस्त हनुमान चौक पर नपा का अधूरा निर्माण कार्य अब लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। बारिश के दिनों में होने वाले जलभराव को रोकने के लिए यहां पिछले कई महीनों से नालों का निर्माण कराया जा रहा है।**



लेकिन मानसून की दस्तक के बाद भी यह काम पूरा नहीं हो सका है। इसके चलते गुरुवार को भी चौराहे पर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। हनुमान चौक में नाले का पानी मोड़ने (डायवर्ट करने) के लिए चल रहे काम की वजह से मुख्य चौराहे का एक हिस्सा पूरी तरह बंद कर दिया गया है। इस कारण दोनों तरफ का ट्रैफिक एक ही पटरी से गुजर रहा है। रही-सही कसर फुटपाथ पर दुकानदारों द्वारा खड़े किए जाने वाले वाहन पूरी कर देते हैं। रास्ता छोटा होने से यहां दिनभर गाड़ियां फंस रही हैं। महीनों से कछुआ रफ्तार से चल रहे इस काम को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। रहवासियों का कहना है कि पिछली बरसात बीतने के बाद नगरपालिका के पास ठंड और गर्मी का पूरा समय था, लेकिन तब काम नहीं किया गया। अब जब मानसून सिर पर है, तब खुदाई की जा रही है। लोगों का कहना है कि बारिश के पानी में हो रहे इस निर्माण की मजबूती (गुणवत्ता) पर भी सवाल उठ रहे हैं।

जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगरपालिका सर्किट हाउस रोड पर कृष्णा डेयरी के सामने और हनुमान चौक से लेकर रेलवे स्टेशन तक पानी निकासी के लिए नाला बनवा रही है। इस पूरे मामले पर नगरपालिका सीएमओ सूर्यप्रकाश उईके ने कहा- ठेकेदार को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। जल्द से जल्द निर्माण पूरा कराकर चौराहे का रास्ता साफ कर दिया जाएगा ताकि आम जनता को आने-जाने में कोई दिक्कत न हो।

## नए सत्र में महाविद्यालयों में होंगे मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

**बालाघाट।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में इंडक्शन (अभिमुखीकरण) कार्यक्रम के दौरान "मेंटल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम" आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना तथा उन्हें तनाव, अवसाद एवं अन्य मनोवैज्ञानिक चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 1 जुलाई से प्रारंभ होने वाले नवप्रवेशित विद्यार्थियों के इंडक्शन कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन, सकारात्मक सोच, ध्यान एवं जीवन कौशल जैसे विषयों की जानकारी दी जाएगी।

## मानसून की दस्तक, कई इलाकों में पानी भरा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बालाघाट जिले में गुरुवार को मानसून की पहली बारिश दर्ज की गई। दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक हुई दो घंटे की इस बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली।**



हालांकि, मानसून की पहली बारिश में ही बालाघाट के हनुमान चौक और वारासिवनी के वार्ड नंबर 9 स्थित आंगनवाड़ी व जनऔषधि केंद्र में पानी घुस गया। गोलीबारी चौक पर जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण मुख्य मार्ग पर घुटनों तक पानी भर गया। शहर के अन्य निचले इलाकों में भी जलभराव की स्थिति देखी गई।

इस बारिश से चिंतित किसानों के चेहरों पर खुशी लौट आई है। उन्हें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होगी, जिससे वे बोआई का काम शुरू कर सकेंगे।जिले में बीते 24 घंटे में 22 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। यह पिछले वर्ष की 43 मिलीमीटर वर्षा की तुलना में काफी कम है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, अब तक जिले में 170 मिलीमीटर वर्षा हो जानी चाहिए थी, लेकिन बालाघाट इस आंकड़े से काफी पीछे है।

## आकाशीय बिजली की मार से दीवार ढही, दीवार की चपेट में आकर 9 वर्षीय बालक की मौत

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** बालाघाट जिले के वारासिवनी थाना क्षेत्र के तुमाड़ी गांव में गुरुवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से शौचालय की दीवार ढह गई। इस हादसे में 9 वर्षीय रियांश नगपुरे (पिता जितेंद्र नगपुरे) की मौत हो गई, जो दीवार के मलबे में दब गया था। परिजनों ने उसे तत्काल सिविल अस्पताल वारासिवनी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



पड़ोसी जयराम गौतम ने बताया कि रियांश गांव के शासकीय स्कूल में तीसरी कक्षा का छात्र था। वह गुरुवार को शाम करीब 4:30 बजे स्कूल से घर लौटा था। इसके बाद वह घर से कुछ दूरी पर स्थित शौचालय गया था। इसी दौरान खराब मौसम के चलते शौचालय पर आकाशीय बिजली गिरी, जिससे दीवार गिर गई और रियांश उसकी चपेट में आ गया।

थाना प्रभारी पवन यादव ने बताया कि बालक स्कूल से आने के बाद शौचालय गया था, जहां आकाशीय बिजली गिरने से दीवार ढह गई और वह उसमें दब गया। सिविल अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बालक के शव को सुरक्षित फ्रीजर में रखवा दिया है और शुक्रवार को उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा।बताया गया है कि घटना के समय घर में केवल बालक की मां मौजूद थीं। उन्होंने ही पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद रियांश को अस्पताल ले जाया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लांजी में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण

**बालाघाट।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गुरुवार 25 जून 2026 को जनपद पंचायत कार्यालय लांजी में जल गुणवत्ता परीक्षण संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जल परीक्षण की तकनीकी जानकारी प्रदान करना था। प्रशिक्षण में महिला एवं बाल विकास विभाग के पांच प्रमुख सेक्टर—कालीमाटी, बहेला, कारंजा, भानेगांव एवं दिघोरी की 137 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) बालाघाट के कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उइके एवं लांजी उपखंड के सहायक यंत्री श्री रवीन्द्र हटेवार द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को एफटीके (फील्ड टेस्ट किट) के माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता की जांच करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि इस किट की सहायता से जल के विभिन्न मानकों की त्वरित एवं सटीक जांच की जा सकती है, जिससे किसी भी प्रकार की जल गुणवत्ता संबंधी समस्या की समय रहते पहचान की जा सकेगी।

## मिशन एड्स सुरक्षा के तहत 95-95-99 लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु समीक्षा बैठक आयोजित

**बालाघाट।** जिला चिकित्सालय बालाघाट स्थित एआरटी (ART) मीटिंग हॉल में मिशन एड्स सुरक्षा के अंतर्गत एचआईवी/एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की प्रगति एवं 95-95-99 लक्ष्यों की प्राप्ति के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों की पहचान, उपचार एवं वायरल सप्रेशन के निर्धारित लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से हासिल करना था। बैठक में Spouse Testing, Partner Testing एवं Index Testing की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही TB-HIV Cross Referral, ART Linkage, SOCH Portal पर रिपोर्टिंग की स्थिति तथा जोखिम लक्षित समुदायों तक पहुंच बनाकर अधिकाधिक HIV स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा की गई। विभिन्न राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (NACP) परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।

## साइबर सुरक्षा जनजागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेशव्यापी साइबर सुरक्षा जनजागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। मुख्यमंत्री महोदय ने अपने उद्बोधन में साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए नागरिकों से डिजिटल लेन-देन एवं सोशल मीडिया के उपयोग में विशेष सतर्कता बरतने का आह्वान किया। उन्होंने साइबर जागरूकता को जनआंदोलन का स्वरूप देने, प्रत्येक नागरिक तक साइबर सुरक्षा का संदेश पहुंचाने तथा साइबर अपराधों की रोकथाम में जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

इसी क्रम में जिला बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट रेंज श्री ललित शाक्यवार, उप पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट रेंज श्री विनीत कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक बालाघाट श्री आदित्य मिश्रा की उपस्थिति में साइबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर सेफ क्लिक 2.0 अभियान का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस महानिरीक्षक श्री ललित शाक्यवार ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी लगातार नए-नए तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट जैसी साइबर धोखाधड़ी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ₹डिजिटल अरेस्ट₹ नाम की कोई वैधानिक प्रक्रिया नहीं है। साइबर अपराधी स्वयं को पुलिस, सीबीआई, ईडी अथवा अन्य जांच एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को भयभीत करते हैं तथा आर्थिक ठगी का प्रयास करते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि ऐसे किसी भी कॉल, वीडियो कॉल अथवा संदेश पर विश्वास न करें तथा किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

## कटंगी में चोरों के हौसले बुलंद, 4 दुकानों को बनाया निशाना, बाइक भी ले उड़े

### 1 दुकान में चोरी, 3 में असफल प्रयास, पार्षद प्रतिनिधि की बाइक चोरी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी थाना परिसर से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित गुजरी और गंज चौक में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। 3 अज्ञात नकाबपोश चोरों ने महज 40 मिनट के भीतर 4 दुकानों के ताले-शटर तोड़े और एक बाइक चोरी कर फरार हो गए। इस सनसनीखेज वारदात से नगर के व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। चोरी की घटनाएं सीसीटीवी में कैद हुई हैं, लेकिन मुंह पर कपड़ा बांधे होने से चोरों की पहचान नहीं हो पा रही। घटना बुधवार-गुरुवार की रात 1 बजकर 22 मिनट से 2 बजे के बीच की है। चोरों ने गुजरी चौक स्थित अग्रवाल किराना स्टोर्स का शटर तोड़ने का प्रयास किया। लोहे की सरिया से ही शटर उचकाने की कोशिश की गई, लेकिन सफल नहीं हुए। चोर वहीं सरिया छोड़कर भागे। इसके पूर्व चोरों ने ताज बेकरी और इमरान किराना स्टोर्स के शटर तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की, मगर दोनों जगह चोरी करने में नाकाम रहे। गायत्री वस्त्र भंडार में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। दुकान का शटर तोड़कर चोर अंदर घुसे और गल्ले में रखी नकदी व कुछ कीमती कपड़े ले गए। चोरों ने गंज चौक से ही पार्षद प्रतिनिधि खेमू कोचर की बजाज सीटी 100 बाइक क्रमांक एमएच 34 टी 9042 भी पार कर दी। बाइक घर के सामने खड़ी थी। एक ही रात में 4 दुकानों और एक वाहन को निशाना बनाए जाने से शहरी क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

**सुबह खुला चोरी का राज, दुकानदारों में आक्रोश:** गुरुवार सुबह जब दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें खोलने पहुंचे तो शटर टूटे देख उनके होश उड़ गए। अग्रवाल किराना स्टोर्स के संचालक ने बताया, सुबह 8 बजे दुकान खोली तो शटर उचका हुआ था। अंदर एक सरिया पड़ी थी। तुरंत पुलिस को सूचना दी। ताज बेकरी के मालिक ने बताया कि उनके दुकान का शटर भी तोड़ने की कोशिश हुई। उनकी दुकान में लगे सीसीटीवी में अज्ञात चोर कैद हुए है। फुटेज में 3 युवक रात 1 बजकर 22 मिनट पर गुजरी चौक पर आते दिख रहे हैं। तीनों ने मुंह पर कपड़ा बांध रखा है। पुलिस अब नगर के अन्य सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों के आने-जाने का रूट पता चल सके।

**थाने से 200 मीटर दूर वारदात, गश्त पर उठे सवाल :** सबसे बड़ा सवाल पुलिस की गश्त व्यवस्था पर उठ रहा है। कटंगी थाना परिसर से घटनास्थल की दूरी महज 200 मीटर है। व्यापारियों का कहना है कि जब थाने के पास ही चोर इतनी आसानी से 40 मिनट तक वारदात करते रहे, तो बाकी नगर का क्या हाल होगा? लगातार हो रही चोरियों से आम नागरिक भी दहशत में हैं। चोरों को पुलिस का कोई खौफ नहीं है। बहरहाल,

कटंगी जैसे शांत कस्बे में एक ही रात में 4 दुकानों को निशाना बनाया जाना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। यदि जल्द चोर नहीं पकड़े गए तो व्यापारियों का पुलिस से भरोसा उठ सकता है।

## मोहर्रम पर्व पर शहीदाने करबाला की याद में पहली बार दस दिवसीय लंगर हुसैनी का आयोजन

### प्रतिदिन सैकडों लोगों ने लंगर ग्रहण कर भाईचारे और इंसानियत का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मोहर्रम का पवित्र पर्व इस्लाम धर्म में त्याग, बलिदान, सत्य और इंसानियत के लिये संघर्ष का प्रतीक माना जाता है। हजरत ईमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में देश भर में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। इसी कडी में बालाघाट नगर से बैहर चैकी रोड स्थित वार्ड नं. 03 में बाबा ताज कमेटी द्वारा शहीदाने करबाला की याद में दस दिवसीय लंगर-ए-हुसैनी का 17 जून से सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने मिला। प्रतिदिन शाम को 7 बजे के बाद लोग लंगर में शामिल होकर भोजन ग्रहण करते रहे, विशेष बात यह है कि इस आयोजन में किसी भली धर्म, जाति, वर्ग या समुदाय के लिये कोई प्रतिबंध नहीं रखा गया था। सभी लोगों का समान रूप से स्वागत किया जा रहा था, जिससे सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश समाज तक पहुंचता रहा।

इस संबंध में आयोजन को मूर्त रूप प्रदान करने वाले सानू गनी, अध्यक्ष कार्यक्रम सैयद अजहर अली, सूफी अकील मस्तान वार्ड प्रतिनिधि सोहेल खान और उनके साथियों ने जानकारी देते हुए बताया कि बाबा जात कमेटी की ओर से पहली बार इस प्रकार के दस दिवसीय लंगर का आयोजन किया गया। मोहर्रम केवल एक धार्मिक पर्व नहीं बल्कि मानवता, त्याग, न्याय और भाईचारे का संदेश देने वाला अवसर भी है। इसी भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है।



उन्होने बताया कि कमेटी द्वारा प्रतिदिन आने वाले लोगों के लिये निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की गई। रोजाना शाम 7 बजे से स्थानीय पानी टंकी के नीचे लंगर प्रारंभ होता था जो देर रात तक चलता था। इसी दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों से लोग पहुंच कर लंगर ग्रहण करते रहे। आयोजन में युवाओं की सक्रिय भागीदारी भी देखने मिली, जो स्वयं सेवक के रूप में भोजन वितरण व्यवस्था संचालन और साफ सफाई जैसे कार्यो में अभूतपूर्व सहयोग देते रहे।

उन्होने बताया कि हजरत ईमाम हुसैन ने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उनकी शहादत आज भी पूरी दुनिया को सत्य, न्याय और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। लंगर-ए-हुसैनी के माध्यम से उन्हीं के संदेश को समाज तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। उन्होने कहा कि समाज में प्रेम, सौहार्द और इंसानियत की भावना मजबूत होती तो सामाजिक एकता भी सुदृढ़ होगी।

आयोजन में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं का भरपूर सहयोग मिला। वहीं बडी संख्या में स्वयं सेवक प्रतिदिन व्यवस्थाओं को संभालते रहे और आने वाले लोगों की सेवा में लगे। कमेटी द्वारा स्वच्छता, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडें।

पार्षद प्रतिनिधि सोहेल खान ने बताया कि बाबा ताज कमेटी द्वारा इस प्रकार का आयोजन पहली बार किया गया, लेकिन लोगों से मिला सकारात्मक सहयोग व उत्साह को देखते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेगी, उन्होने कहा कि समाज में आपसी प्रेम, सदभाव व एकता को बढ़ावा देने के लिये इस तरह के आयोजन की आवश्यकता है।

पूरे दस दिनों तक आयोजकों ने नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर लंगर-ए-हुसैनी में शामिल होकर तथा शहीदाने करबाल का कुर्बानियों को याद करते हुए भाईचारे इंसानियत और सामाजिक एकता के संदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया।

ओरिएण्टल इंजीनियरिंग कॉलेज लालबर्रा (बालाघाट)
B.Tech
+ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
+ सिविल इंजीनियरिंग
+ मैकेनिकल इंजीनियरिंग
+ कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
Polytechnic
+ माइनिंग एंड माइन सर्वेइंग
+ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
+ सिविल इंजीनियरिंग
+ मैकेनिकल इंजीनियरिंग
+ कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
प्रवेश प्रारंभ 2026-27
Balaghat Road Lalburra,Teh, Lalburra, Dist. Balaghat M.P. 9202131331, 9202121331

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING | PHARMACY | AGRICULTURE
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time/Full Time
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agri) Engg.
• M.Sc. (Ag.)
ABM
LAW • B.A. LL.B. • LL.B. • LL.M.
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त...
रोजगार हेतु नियमित केम्पस
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सवाधिक रोजगार
स्वामी विवेकानन्द प्रा. I.T.I.
Admission Open
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832